## एक नजर में

### कसरावद में अनुविभागीय अधिकारी अनिल जैन ने संभाला कार्यभार, किया सम्मान

**कसरावद, निप्र ।** नवागत एसडीएम अनिल जैन ने बुधवार को कार्यभार संभाला। पदभार संभालने के बाद एसडीएम अनिल जैन ने राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए नवागत एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों के निराकरण तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सकारात्मक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि आम नागरिकों को समय पर सुविधाएं एवं न्याय मिल सके।



### मोस्ट वांटेड गुरुनाम उर्फ हैप्पी के साथ हरपाल गिरफ्तार, तीन थानों की पुलिस ने की कार्रवाई



**खरगोन, निप्र ।** अवैध हथियार तस्करी मामले में मोस्ट वांटेड 55 हजार रुपए का ईनामी गुरुनाम उर्फ हैप्पी जिला पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने गुरुनाम सहित हरपाल सिकलीगर को 8 देशी पिस्टल ओर 3 देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। इनकी कीमत 2 लाख 45 हजार रुपए आंकी गई है। यह हथियार सिगनुर में पेड़ के नीचे जमीन में गाढ़कर छिपाए गए थे। एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तीन थानों की पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए ईनामी गुरुनाम और हरपाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सनावद और भीकनगांव को जोडने़ वाले रास्ते पर ग्राम नलवा पुलिया के पास की गई। आरोपियों की निशानदेही पर अंजनगांव और सिंगनुर के बीच पानी की टंकी के पीछे बबूल के पेड़ के पास पत्थरों के नीचे छिपाए गए हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने 8 देशी पिस्टल और 3 देशी कट्टे बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 2 लाख 45 हजार रुपये है। गुरुनाम को आर्म्स एक्ट मामले में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब पुलिस तलाश रही थी, जबकि जिले के 10 थानों पर भी आर्म्स एक्ट के अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पूर्व में इसी नेटवर्क से जुड़े रजत नामक युवक को भी गिरफ्तार किया गया था, जिससे छह देशी पिस्टल, चार मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस और एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त हुई थी। इस प्रकरण में कुल जब्तशुदा मश्रुका की कीमत लगभग 29 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस दोनों आरोपियों से रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करेगी।

### शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज के मार्ग पर शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम चेरिपुरा निवासी संतोष मालवीय द्वारा कथित रूप से शासकीय भूमि पर भवन निर्माण कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। आरोप है कि निर्माण कार्य अवैध रूप से किया जा रहा था, जिससे आईटीआई कॉलेज में आने-जाने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को असुविधा हो सकती है। भवन पूर्ण रूप से निर्मित होने पर आवागमन की समस्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। मामले की जानकारी मिलने पर बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव राहुल सिसोदिया अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार संजय चौहान को सूचना देकर ज्ञापन सौंपा। शिकायत के बाद निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया, लेकिन निर्माणाधीन भवन को अभी तक नहीं हटाया गया है। इसी मांग को लेकर आज आईटीआई कॉलेज में आयोजित 'साझे सपने' कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल को भी ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अवैध निर्माण को हटाने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई। इस दौरान मुकेश सिसोदिया, प्रकाश यादव, रितिक सेमले, भायराम खरते, मुकेश वास्कले सहित बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव राहुल सिसोदिया उपस्थित रहे।



### बालसमुद में 47 यूनिट रक्तदान, जरूरतमंदों को मिल सकेगा नया जीवनदान



**खरगोन, निप्र ।** रक्तदान महादान ग्रुप बालसमुद ने पाटीदार धर्मशाला में 8वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। 34 पुरुष और 13 महिलाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी संदेश दिया। शिविर ब्लड बैंक के सचिन चौहान की पहल पर बालसमुद के समाजसेवी सतीश पटेल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया। रक्त संग्रहण एवं व्यवस्थाओं में डॉ. विनय सिंह चौहान, हिमांशु राठौर, महेंद्र खंडे, कृष्ण चौहान एवं सहयोगी स्टॉफ की भूमिका रही। शिविर में खुशी जैन, कृतिका जैन, सबाना मंजर खान एवं भावेश पटेल ने पहली बार रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं सतीश पटेल ने अपने 50वें जन्मदिन पर 51वां रक्तदान कर सेवा भावना का परिचय दिया। उनकी पत्नी श्रीमती सीमा पटेल ने भी अपना 10वां रक्तदान किया। परिवार के चार सदस्यों ने एक साथ रक्तदान करना आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा पांच दंपतियों ने एक साथ रक्तदान कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानवता की सच्ची मिसाल उस समय देखने को मिली जब धामनोद से दो महिला मरीजों के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता का संदेश प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही शिविर से शुभम पाटीदार और अजय पटेल को धामनोद रवाना किया गया। शुभम पाटीदार ने अपना दुर्लभ ए नेगेटिव रक्त 7वीं बार तथा अजय पटेल ने बी पॉजिटिव रक्त 12वीं बार दान कर जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मनरेगा से जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और समृद्धि

## 3 लाख से अधिक पौधों से विकसित हुआ हरित वन क्षेत्र बना प्रदेश के लिए मॉडल




**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत योजनाबद्ध प्रयासों से शहर के लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में 03 लाख से अधिक पौधों का विशाल हरित जंगल विकसित किया गया है। यह हरित क्षेत्र आने वाले वर्षों में भू-जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मनरेगा के माध्यम से सामुदायिक वृक्षारोपण, अमृत बाल वाटिका, नंदन फलोद्यान, निजी खेतों में वृक्षारोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' एवं 'एक बगिया मां के नाम' जैसे अभियानों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया गया। इन पहलों के परिणामस्वरूप न केवल हरियाली बढ़ी, बल्कि ग्रामीणों को रोजगार, किसानों को अतिरिक्त आय और पर्यावरण को दीर्घकालिक संरक्षण भी सुनिश्चित हुआ। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों—ढिबगांव, ईदारतपुरा, मेहरजा, बड़गांव, नागझिरी, सुरपाला, नंदगांव बगुद, बीड़, कुंडिया, राजपुरा सहित अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। ईदारतपुरा ग्राम पंचायत आज उन्नत किस्मों के अमरूद उत्पादन के लिए नई पहचान बना चुकी है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और मूल्य प्राप्त हो रहा है। वहीं मेहरजा स्थित निधिवन तथा ढिबगांव का मियावाकी सघन वृक्षारोपण क्षेत्र हरित पर्यटन और पिकनिक स्थल के रूप में विकसित हो चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले 6-7 वर्षों में लगाए गए 03 लाख से अधिक वृक्ष प्रतिवर्ष लगभग 30 से 36 हजार टन ऑक्सीजन का उत्पादन और 06 से 7.5 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करने की क्षमता रखते हैं।

ये वृक्ष 25 फीट ऊंचाई प्राप्त कर चुके हैं और शुद्ध वायु, छाया, फल तथा जैव विविधता के लिए आश्रय प्रदान कर रहे हैं। संयुक्त रूप से वृक्षारोपण और जल संरक्षण गतिविधियों से भू-जल स्तर में सुधार, कृषि उत्पादकता में वृद्धि और स्थानीय तापमान में कमी जैसे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे ने बताया कि यह हरित जंगल ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहर के लिए भी 'ग्रीन लंग्स' के रूप में कार्य करेगा।

### पौधों की हो सुरक्षा भी

नागदेव ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं तथा जहां आवश्यकता होगी वहां गैप फिलिंग कर सघनता बनाए रखी जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निधिवन, ग्राम पंचायत मेहरजा (जनपद पंचायत गोगावां) में जिला स्तरीय कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियो और लोगों की सहभागिता से पौधारोपण एवं जन-जागरूकता अभियान चलेगा। जिलेवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भागीदारी की अपील की कि पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

### शिक्षक पाटीदार को पौधे लगाना और उन्हें बड़ा करने का जुनून



**बिस्टान, निप्र।** कुछ पर्यावरण प्रेमी ऐसे शिक्षक होते हैं जो शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को भी अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हैं। वे अपने छात्रों को न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि खुद भी पौधरोपण कर जीवनशैली का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। जिला मुख्यालय खरगोन नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास के वार्डन दिलीप पाटीदार को पेड़ पौधे लगाने का बचपन से ही जुनून रहा है।

हरियाली से उन्हें बेहद लगाव रहा है । वे जिस संस्था में रहते हैं वहां पेड़ पौधे लगाना पसंद करते हैं। खरगोन उत्कृष्ट विद्यालय खेल ग्राउंड के समीप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास में वार्डन के रूप में नियुक्त शिक्षक दिलीप पाटीदार ने यहां बादाम, पीपल, नीम, बड़,के 50 से अधिक पौधे लगाये थे जो 30 से 40 फिट ऊँचे हो गए जबकि एक वर्ष पूर्व 130 कोनो कार्पस के पौधे लगाए थे जो 12 फिट ऊंचे हो गए। इन सभी लगाए गए पौधों को बच्चों की तरह देखभाल कर उन्हें उन्हें सिंचित किया। आज स्थिति यह है कि यह परिसर हरियाली से पूरी तरह आच्छादित हो गया है । यहां विभिन्न प्रकार के पक्षियों का झुंड सुबह-शाम कलरव करता हुआ नजर आता है जो मन को सुकून देता है। परिसर में लगे बादाम के पेड़ फल देने लगे हैं जिन्हें खेल मैदान में क्रिकेट खेलने वाले बच्चों के अलावा यहाँ रहने वाले बच्चे बड़े शौक से खाते हैं। दिलीप पाटीदार को बागवानी करने का भी शौक है, उनके द्वारा इसी परिसर में सब्जियों की फसल लगा रखी है। जिसमें बैंगन, लौकी, गोभी ,टमाटर, गिलकी, पालक ,मेथी,सहित अन्य हरी सब्जियां उगाई जाती है जो बच्चों के भोजन के में काम आती है । दिलीप पाटीदार का कहना है कि पर्यावरण से उन्हें बचपन से ही बहुत लगाव है वे जिस भी स्कूल पदस्थ रहे हैं वहां पेड़ पौधे लगाए है। शिक्षक पाटीदार विकासखंड भीकनगांव की मिडिल स्कूल भोपाडा में 2003 से 2012तक पदस्थ थे जहां उन्होंने पौधे लगाए थे जो आज बड़े होकर पेड़ बनकर छाया दे रहे हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालक छात्रावास में लगाए गए विभिन्न किस्म के पौधे जो अब बड़े-बड़े वृक्षों का रूप धारण कर चुके हैं जिसकी हरियाली सुंदरता देखते ही बनती है। हरियाली से आच्छादित यहां का दृश्य बड़ा ही मनोरम एवं मनमोहक लगता है। शिक्षक पाटीदार का कहना है कि उन्हें इस कार्य के लिए जिला कलेक्टर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक भी समय समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है। विशेष बात यह है कि इस छात्रावास परिसर के चारों तरफ तार की बाउंड्रीवाल बनी होने के कारण पेड़ पौधे सुरक्षित है। लगाए गए पौधों से बात करने का जुनून खास बात यह है कि शिक्षक पाटीदार जब पौधरोपण कर देते हैं तो नियमित रूप से उस पौधे के पास जाकर उसके आसपास उगे हुए खरपतवार की सफाई करते हैं और जड़ों तक हवा पहुंचे इसके लिए वह खुरपी से जुताई करते हैं।

### पानी बचाने की जनजागृति के लिए मातृशक्ति की श्रीमद भागवत कथा



**खरगोन, निप्र ।** पुरुषोत्तम मास में गांधी नगर में स्थित श्री महामृत्युंजय धाम पर 7 से 13 जून तक पानी बचाने की जनजागृति के लिए मातृ शक्ति संगठन द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। उक्त निर्णय श्री महामृत्युंजय धाम पर मंगलवार रात्रि को सनातन धर्मावलम्बियों की आयोजित बैठक में लिया गया।

कथा संयोजिका कांची कर्मा ने बताया कि जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी मांग है जल के दुरुपयोग को रोकने एवं वर्षा के जल का संचयन करने की जनजागृति हेतु पवित्र श्री पुरुषोत्तम मास में मातृ शक्ति संगठन द्वारा श्री महामृत्युंजय धाम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसके निमित्त परम पूज्य व्यास गादी पर पंडित श्री बृजेशजी शर्मा बलगांव निवासी प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का रसपान कराएंगे। एवं मंगल कलश शोभा यात्रा 7 जून रविवार प्रातः 9 बजे श्री अखिलेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जावेगी। कथा की मुख्य मनोरथी ग.भा. सुधा किशोर सिंह सोलंकी एवं सह मनोरथी मधुबाला गुप्ता, विमला भडोले, शोभा तिवारी, ग.भा. संगीता वर्मा, श्रीमती सीमा गुप्ता, कामिनी मण्डलोई एवं श्रीमती चंदा परसाई सहित श्री महामृत्युंजय मातृशक्ति संगठन ने सनातन धर्मावलम्बियों से सपरिवार पधारकर पुण्यार्जन का अनुरोध किया है।

### जैन धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन आज से



**सनावद, निप्र ।** तेरहवां बाल युवा महिला शिविर एवं श्री आदिनाथ से पुष्पदंत तीर्थंकर पंचकल्याणक विधान व आठवां वार्षिक महोत्सव शुक्रवार पांच जून से मंगलवार नो जून तक पोरवाड़ जैन दिगम्बर जैन धर्मशाला सनावद में श्री कुन्दकुन्द कहान दिगंबर जैन परमागम ट्रस्ट एवं मुमुक्षु मंडल सनावद के तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा।

सन्मति जैन काका ने बताया की 5 दिवसीय तेरहवां बाल युवा महिला शिविर का आयोजन श्री कुन्दकुन्द कहान दिगंबर जैन परमागम ट्रस्ट एवं मुमुक्षु मंडल सनावद के तत्वाधान में शुक्रवार पांच जून से नो जून तक पोरवाड़ जैन दिगम्बर जैन धर्मशाला सनावद में आयोजित किया जायेगा। एवं दस जून को रथ यात्रा निकाली जाएगी ट्रस्ट अध्यक्ष जनीशचंद जैन ने बताया की पड़ित विवेक शास्त्री, विदुषी राजकुमारी दीदी दिल्ली एवं विदुषी प्रमिला बहनजी इंदौर प.नीलेशभाई सनावद, प.रितेश शास्त्री के निर्देशन में नगर में ग्रीष्मकालीन जैन धार्मिक संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संयोजक सुधीर पंचोलीया और संजय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन परमागम ट्रस्ट एवं मुमुक्ष मंडल सनावद के तत्वावधान में आयोजित शिविर में निमाड़, मालवा सहित मुंबई , इंदौर खंडवा इत्यादि बीस नगरों से लाभ लेने भाई ,बहन युवा एवं बालक 5 जून से 9 जून तक अपने घर से दूर रहकर विद्वानों के सानिध्य रहकर धार्मिक ज्ञानार्जन करेंगे। शिविर के दौरान बच्चे मोबाइल टीवी से दूर रहकर धार्मिक शिक्षा के साथ संस्कारों को भी ग्रहण करेंगे इस अवसर पर कार्यक्रम मण्डप का उदघाटन जिनेश जी रूपम जैन लॉरेल शर्ट इंदौर एवं निशीथ जैन महल परिवार खंडवा करेंगे । आदित्य पंचोलिया विवेक जैन कालु ने बताया की शिविर में प्रतिदिन प्रातः श्रीजी का अभिषेक पूजन स्वामी जी का सीडी प्रवचन युवा कक्षाएं दोपहर में विधान पूजन महिलाओं की कक्षाएं शाम को जिनेंद्र भक्ति प्रवचन और रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

### राष्ट्रपति ने किया एकलव्य झिरन्या की आधुनिक स्पेस लैब का उद्घाटन




**खरगोन, निप्र ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, झिरन्या में स्थापित अत्याधुनिक स्पेस लैब का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम जनजातीय विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह स्पेस लैब जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार तथा bharat petroleum .com की सीएसआर पहल के अंतर्गत देश के 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित की गई हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के 10 विद्यालय शामिल हैं।

खरगोन जिले में इस प्रकार की अत्याधुनिक स्पेस लैब की स्थापना को विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी चौहान ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह स्पेस लैब जनजातीय विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगी, जिससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध होना जिले के लिए गौरव का विषय है। यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

## एक नजर में

### महारास आत्मा और परमात्मा का मिलन है, जब जीव को अपने ठाकुर मिल जाते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है : हरिदास महाराज

# श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति पर महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**भीकनगांव, निप्र ।** स्वर्गीय श्री शिव शर्मा 'बाबा' की पुण्य स्मृति में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गायत्री मंदिर, भीकनगांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

व्यासपीठ से पूज्य श्री पाद सेवाप्रिय हरिदास जी महाराज ने कहा कि संसार में मनुष्य अनेक वस्तुओं और संबंधों को प्राप्त करने का प्रयास करता है, लेकिन जब जीव का मिलन अपने परम आराध्य भगवान से हो जाता है, तब उसे जिस आनंद की अनुभूति होती है, वही जीवन का परम सुख है। शास्त्रों में इसी दिव्य मिलन को महारास कहा गया है। महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल कथा श्रवण नहीं है, बल्कि जीव को उसके वास्तविक स्वरूप और परमात्मा से उसके संबंध का बोध कराने का माध्यम है। भागवत का प्रत्येक प्रसंग भक्त को भगवान के निकट ले जाने का कार्य करता है। कंस वध के साथ अधर्म का हुआ अंत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान का प्रसंग सुनाते हुए महाराज श्री ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पाप और अत्याचार अपनी सीमा पार कर गए, तब भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा पहुंचकर उसका वध किया। कंस वध केवल एक राक्षस का अंत नहीं था, बल्कि अधर्म पर धर्म और अहंकार पर सत्य की विजय का संदेश था। इस प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष लगाए। उद्धव को गोपियों ने समझाया प्रेम का वास्तविक अर्थ कथा में उद्धव-गोपी संवाद का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि उद्धव ज्ञान का संदेश लेकर वृंदावन पहुंचे थे, लेकिन गोपियों का कृष्ण के प्रति निष्काम प्रेम देखकर स्वयं चकित रह गए। गोपियों ने दिखा दिया कि भगवान को तर्क, ज्ञान और वाद-विवाद से नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण से पाया जा सकता है। यह प्रसंग सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रुक्मणी विवाह की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के दिव्य विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

महाराज ने बताया कि रुक्मणी जी ने मन, वचन और कर्म से भगवान को अपना पति स्वीकार कर लिया था। उनके अटूट विश्वास और समर्पण के कारण भगवान स्वयं उन्हें वरण करने पहुंचे। कथा स्थल पर रुक्मणी विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और वातावरण विवाहोत्सव की आनंदमयी अनुभूति से भर गया। आज होगा कथा का समापन सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज गुरुवार को गायत्री मंदिर, भीकनगांव में होगा। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति, महाआरती एवं महा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा समापन समारोह, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का लाभ लेने का आग्रह किया है।